# हिंदी दिवस कार्यक्रम का अहवाल

नागपुर शिक्षण मण्डल द्वारा संचालित श्रीमती बिंझानी महिला महाविद्यालय, महल, नागपुर में 'हिंदी दिवस' का कार्यक्रम बड़े उत्साह और गरिमा के साथ दिनांक 22/09/2025 दिन सोमवार को १२.३० बजे हिन्दी विभाग कक्ष में आयोजित किया गया। जिसमें प्रमुख रुप से कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. उज्जवल लांजेवार सर ने की। साथ ही महाविद्यालय की उपप्राचार्य डॉ. चारुता जोशी मैडम, पर्यवेक्षिका आरती बरगे मैडम तथा हिंदी विभाग की मार्गदर्शिका डॉ. अर्चना गुप्ता मैडम विशेष रूप से उपस्थित थे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में उपस्थित मान्यवरों का पौधा देकर स्वागत किया गया। हिन्दी प्राध्यापक डॉ. कुंजन लिलहारे सर ने प्रस्तावित भाषण दिया। इस अवसर पर हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में 'निवंध लेखन एवं पोस्टर प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया था। यह प्रतियोगिता कक्षा ग्यारहवी से लेकर एम. ए. की छात्राओं के लिए हिंदी भाषा से संवंधित विषय पर आयोजित की गई थी। परिणाम घोषित करने से पूर्व कुछ छात्राओं ने हिंदी कविताओं का सुंदर काव्यपाठ कर कार्यक्रम की शोभा में वृध्दि की। तत्पश्चात विजेताओं के नाम की घोषणा हुई जो इस प्रकार है – निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान – ख्वाहिश नागवानी, गुलफिरोजिया पठान, कविता गुप्ता, द्वितीय स्थान – विजयालक्ष्मी यादव, फिजा शेख, भारती बघेल  तृतीय स्थान –अरशिया शेख, प्रियंका लिल्हारे, श्वेता पांडे छात्राओं को मान्यवरो के हस्ते प्रदान किए गए। इसी प्रकार भित्तिचित्र प्रतियोगिता में प्रथम स्थान - फिरदोस शेख, सोनम भुते, सबा नाज, द्वितीय स्थान – तसमीया नाज शेख, निर्जला चांदपुरकर, भारती बघेल, तृतीय स्थान – अंजना विश्वकर्मा, आँचल भारती, राहत फातिमा खान को मान्यवरों के हस्ते पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अंत में अध्यक्षीय भाषण में प्राचार्य डॉ. लांजेवार सर ने हिंदी भाषा के महत्व और उसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का सूत्रसंचालन हिन्दी

तथा प्रा. गुड्डी परवीन खान

प्राध्यापक विनय उपाध्याय ने किया तथा अंत में प्राध्यापिका व्यास मैडम ने आभार प्रदर्शन व्यक्त किया। अधिक से अधिक संख्या में छात्राएँ कार्यक्रम में उपस्थित रहकर लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम की सफलता में हिन्दी प्राध्यापिका कु. गुड्डी परवीन खान मैडम ने अथक परिश्रम किया तथा संपूर्ण महाविद्यालय परिवार का सहयोग सराहनीय रहा।

